सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 27 | इंदौर, शुक्रवार 08 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मोदी जाएंगे चीन, पुतिन भी आएंगे भारत

◆ ट्रंप के खिलाफ RIC ने बनाया सीक्रेट प्लान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर रूस से संबंधों के चलते 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद वैश्विक कूटनीति में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। चीन, भारत और रूस अब अमेरिका की एकतरफा नीतियों का मिलकर जवाब देने की ओर बढ़ सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही चीन के तिआनजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के अंत में भारत दौरे पर आएंगे। अमेरिका द्वारा व्यापारिक प्रतिबंधों और आलोचनाओं के बीच भारत, चीन और रूस ने परोक्ष रूप से अमेरिका विरोधी रुख अपनाना शुरू किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस त्रिकोणीय गठबंधन से एक नया भू-राजनीतिक ध्रुव उभर सकता है।

### भारत-चीन संबंधों में नरमी

2020 के सीमा विवाद के बाद पहली बार मोदी चीन जा रहे हैं। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी जून में चीन गए थे और चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मिले थे। यह पिछले 11 वर्षों में किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली चीन यात्रा थी। वहीं, 18 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग यी भारत आएंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच सीमा विवाद, कैलाश मानसरोवर यात्रा और अन्य रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी।

### अवकाश की सूचना

**रक्षाबंधन पर्व की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नेहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 09 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।**

**- संपादक**

# सीएम आज रायसेन के तामोट में 1132 करोड़ के निवेश कार्यों एवं 416 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक विकास को धरातल पर उतारने के अपने सतत प्रयासों के क्रम में शुक्रवार को रायसेन जिले के तामोट औद्योगिक क्षेत्र में निवेश संवाद, इकाइयों के भूमिपूजन, लोकार्पण और आशय पत्र वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री तामोट में संचालित सागर मैन्युफैक्चरर प्रा. लि. की इकाई का भ्रमण करेंगे और रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेसर्स आनंद टैक लास्ट प्राइवेट लिमिटेड प्लास्टिक पार्क का भ्रमण भी करेंगे। वे उद्योगपतियों से संवाद करेंगे और प्रदेश में बन रहे निवेश अनुकूल वातावरण से उन्हें अवगत कराएंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 566 करोड़ रुपये के निवेश एवं 1781 रोजगार देने वाली 14 इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के साथ आशय पत्र वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 416 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। वे औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 300 करोड़ के निवेश एवं 970 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का भूमिपूजन और 116 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश एवं 211 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री उद्यमियों को भूमि आवंटन से संबंधित आशय-पत्र प्रदान करेंगे और औद्योगिक विकास के प्रति प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह प्रयास निवेशकों को आश्वस्त करने के साथ-साथ युवाओं के लिए नए रोजगार अवसरों का रास्ता भी खोलेगा। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह प्रदेश की औद्योगिक रणनीति और नीतिगत परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे। जे.बी.एम, विनप्रो और मंडीदीप औद्योगिक एसोसिएशन जैसे प्रमुख निवेशक समूहों के प्रतिनिधि प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल और प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के संबंध में विचार साझा करेंगे।

## फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या, निजामुद्दीन में पार्किंग को लेकर हुआ था विवाद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की दिल्ली में हत्या कर दी गई। निजामुद्दीन इलाके में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। जानकारी के अनुसार स्कूटी पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था जिसमें बात बढ़ने पर आसिफ कुरैशी नाम के शख्स की जान ले ली गई।

यह घटना दिल्ली के भोगल इलाके में हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीती को रात लगभग साढ़े 10 बजे आरोपी और पीड़ित के बीच स्कूटी पार्किंग को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान एक आरोपी ने पीड़ित की छाती पर नुकीली वस्तु (पोकर) से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित की मौत हो गई। मृतक का नाम आसिफ कुरैशी पुत्र इलियास कुरैशी बताया जा रहा है,



जो जंगपुरा इलाके में रहते थे।

फिलहाल पुलिस ने 233/25, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप उज्ज्वल और गौतम पुलिस की गिरफ्त में हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

अभी हाल ही में अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने 28 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया था। हुमा कुरैशी एक जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल हैं, जिन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग और मेहनत से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है।



विधानसभा-1 में हुआ भव्य रक्षाबंधन का कार्यक्रम

# हजारों की संख्या में महिलाओं ने बांधी मंत्री विजयवर्गीय की कलाई पर विश्वास की डोर 'राखी'

**मोदी जी ने बेटियों के हाथों में लड़ाकू विमान दिए, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए- मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय**

## माताएं-बहनें, बेटियों को संस्कार दें : नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रक्षाबंधन महोत्सव के इस पावन पर्व पर मेरा माताओं-बहनों से निवेदन है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दे। बच्चों को समाज में फैल रही विकृतियों से दूर रखें, जिससे वे विधर्मियों द्वारा फैलाये जा रहे लव जिहाद के दुष्चक्र से दूर रहें। क्योंकि आपके आज के संस्कार ही उनके कल को बेहतर करेंगे। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा-1 के बाबा श्री गार्डन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम के अवसर पर कही। इस दौरान श्री विजयवर्गीय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा विजयवर्गीय तथा पुत्र पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय भी उपस्थित थे।

### बेटियां शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और बेटे हनुमान चालीसा का पाठ करें

इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं यहां पर उपस्थित सभी मातृशक्तियों के चरणों में अपना शीश रखकर नमन करता हूं। माताएं-बहनें आप सभी साक्षात देवी है। आप मुझे आशीर्वाद दें, हमारी परंपरा बड़ी समृद्ध है। हमारी सनातन संस्कृति में कोई बड़ा नहीं और कोई छोटा नहीं है, शंकरजी ने रामजी की सेवा की और रामजी ने शंकरजी की। जब श्रीराम रावण वध के लिए जा रहे थे तो उन्होंने रामेश्वर शिवलिंग स्थापित कर महादेव की आराधना की, हमारी संस्कृति में सभी समान है। सभी एक-दूसरे के लिए सहयोग की भावना रखते हैं,समाज में अभी काफी विकृति आई है। माँ की जवाबदारी है बच्चों में संस्कार देना, बच्चों को बचपन से हनुमान चालीसा का पाठ करने की आदत डालना चाहिए। मेरी माँ ने मुझे रामचरित मानस, सुंदरकांड बचपन में ही सीखा दिये थे। रामचरित मानस के दोहे पढ़ने पर भोजन मिलता था और सोने से पहले भी माँ को दोहे सुनाना पढ़ते थे। बेटियों से कहें कि समीप के शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। इससे बेटियों के सौभाग्य में वृद्धि होगी और उनके संस्कार बेहतर होंगे और बेटियों का भविष्य सुधरेगा। बेटे हनुमान चालीसा का पाठ करें। इससे हनुमानजी से बेटों को बल, बुद्धि, विद्या का वरदान मिलेगा।

### बेटियां लव - जिहाद से बचें

लव जिहाद का शिकार होकर बेटियां माँ-बाप तक को छोड़ देती हैं। इसलिए उनको बचपन से ही संस्कार दे। आजकल के कुछ सीरियल समाज में विकृति फैला रहे हैं। इसलिए मेरा माता-बहनों से निवेदन है कि बच्चों को अच्छे सीरियल दिखाएं। हमने अपने परिवार के बच्चों को अच्छे संस्कार दिए। यदि वह चार बार घर से बाहर जाते हैं तो चारों बार माता-पिता के चरण स्पर्श करके जाते है। माँ-बाप का आशीर्वाद ईश्वर से बड़ा आशीर्वाद है, जो उनका दिल दुखाता है वो कभी सुखी नहीं रहता है। मुझे कभी समय नहीं मिलता, लेकिन मेरे बेटे आकाश को बचपन से मेरी माँ और उसकी माँ ने संस्कार दिए। विदेशों से लव जिहाद के लिए पैसा आ रहा है। एक ऐसा गिरोह उत्तर प्रदेश में पकड़ा गया, हमने सख्त कार्रवाई की। मुझे गर्व है कि श्री मोदीजी और डॉ मोहन यादव जी की सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। मोदी जी का एक ही सपना है कि जितना मजबूत पुरूष है उतनी मजबूत हमारी नारी शक्ति भी होना चाहिए। पहले सैनिक स्कूल में लड़कों को एडमिशन मिलता था अब लड़कियों को भी एडमिशन मिल रहा है। मोदीजी ने नारी शक्ति के हाथों में जेट विमान दिए। अभी ऑपरेशन सिंदूर में नारी शक्ति ने जेट विमान उड़ाकर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा है, यह हमारे भारत की नारी शक्ति की ताकत है। हमारे मुख्यमंत्रीजी आपके खाते में 1500 रुपये डालने वाले हैं। यह 15 सौ रुपये लगातार आपको मिलते रहेंगे। अगली राखी पर आपको 1750 रुपये मिलेंगे। हमारी सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए काम करती है।

### जनता ही हमारा परिवार है

श्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम पूरी विधानसभा को अपना परिवार मानते हैं इसलिए हम सभी त्यौहार हमारे कार्यकर्ताओं और जनता के साथ मनाते हैं। जब हम किसी को अपना परिवार मानते हैं तो उनके सुख-दुख में शामिल होते हैं और उनके साथ त्यौहारों की खुशियां मनाते हैं। हम स्त्री को देवी मानते हैं मुस्लिम समाज की बेटियां भी देवी है, लेकिन विधर्मी लोग बेटियों को अच्छी नजर से नहीं देखते इसलिए हमें बेटियों को संस्कारित करना जरूरी है।

### सरहद पर सैनिकों के लिए और प्रधान मंत्री जी के लिए बहनों ने भेजी राखियां

इस अवसर पर महिलाएं तीन राखियां लेकर आई थी। शौर्य और पराक्रम की प्रतीक पहली राखी सरहद पर तैनात सैनिकों के लिए, राष्ट्रसेवा को समर्पित दूसरी राखी प्रधानमंत्री श्री मोदीजी के लिए और अपनत्व और स्नेह की प्रतीक तीसरी राखी श्री कैलाश विजयवर्गीय के लिए थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर पांच हजार से ज्यादा माता-बहनों ने रक्षाबंधन कार्यक्रम में भाग लिया। कई माता-बहनें कैलाश जी को बांधने के लिए घर से आकर्षक राखियां बनाकर लाई थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत हार-फूल, ढोल-ताशों और आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, पूर्व महापौर श्रीमती उमाशशि शर्मा, श्री अशोक चौहान, श्री गोविंद सिंह पवार, श्री जयदीप जैन, श्री सतीश कौशिक, श्री अमरदीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# 10 अगस्त को इंदौर आएंगे मोहन भागवत

**96 करोड़ के कैंसर हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 10 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के अगले दिन इंदौर प्रवास पर रहेंगे। वे यहां 96 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कैंसर केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। साथ ही शहर में विभिन्न समाजों से जुड़े लोगों के साथ अलग-अलग सत्रों में चर्चा भी करेंगे। यह मोहन भागवत का पिछले सात महीनों में तीसरा इंदौर दौरा होगा। इससे पहले वे 3 जनवरी और 13 जनवरी 2025 को भी इंदौर आ चुके हैं।**



संघ सूत्रों के मुताबिक, डॉ. भागवत इंदौर में दिनभर रहेंगे। वे विजय नगर स्थित एक सभागृह में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम अलग-अलग सत्रों में होगा, हालांकि इसका आधिकारिक शेड्यूल अब तक जारी नहीं किया गया है। डॉ. भागवत का आगमन श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा निर्मित माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र एवं कैंसर केयर सेंटर के उद्घाटन हेतु हो रहा है। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में 26 करोड़ की लागत से दो बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और तीन मंजिलें तैयार की गई हैं। दूसरे चरण में हाईटेक मेडिकल मशीनरी और अन्य फ्लोर का निर्माण किया जाएगा। 96 करोड़ के इस कैंसर केयर प्रोजेक्ट का निर्माण जनभागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें कई कंपनियों ने CSR (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड के तहत सहयोग किया है, जबकि अन्य दानदाता भी आगे आए हैं। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत एक रियायती दर वाली ओपीडी से हुई थी, जहां कई वरिष्ठ चिकित्सक निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। प्रबंधन समिति में मुकेश हजेला अध्यक्ष और दिनेश अग्रवाल उपाध्यक्ष हैं। इस कैंसर सेंटर की OPD सेवाएं मार्च 2021 में शुरू हुई थीं। इसका उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और RSS के सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी ने किया था।

## पूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन 12 अगस्त को

**इंदौर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के हित में मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 12 अगस्त 2025 (मंगलवार) को प्रातः 11:30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयरामपुर कॉलोनी, इंदौर के सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नागेशचंद्र मालवीय (से.नि.) उपस्थित रहेंगे तथा विभिन्न योजनाओं, पेंशन संबंधित समस्याओं, दस्तावेज़ अद्यतन, चिकित्सा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर मार्गदर्शन देंगे। साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

## शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा वर्ष 2025 के प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा वर्ष 2025 खण्ड 'ब' के प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षकों से शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित तिथि 25 अगस्त 2025 होगी। उक्त प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक प्रशिक्षक अपना रिज्युम शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में 20 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। उक्त रिज्युम हेतु संस्थान से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज़ भी संलग्न करने होंगे।**

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक शर्तें

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर की प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि प्रशिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता फूड साईंस/एग्रीकल्चर/परीक्षा हेतु आवश्यक संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नात्कोत्तर उपाधि प्राप्त होना चाहिए अथवा ऐसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहां से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में संकाय सदस्य रहे हो। प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा। प्रशिक्षण का समय कार्यालयीन समय में ही रहेगा। कालखण्ड की अवधि 90 मिनिट होगी।

पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से पीई टीसी इंदौर से आवेदन लेकर 20 अगस्त 2025 तक अपना रिज्युम जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के दूरभाष क्रमांक 0731-2920465 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रदीप मिश्रा की कथा से लौट रहे श्रद्धालुओं का एक्सीडेंट,1 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुरुवार अलसुबह इंदौर के कनाड़िया बायपास पर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि लगभग 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 4 बजे बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार तूफान वाहन अचानक सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे में मंटू वर्मा, निवासी इंदिरा नगर, खरगोन की मौके पर ही मौत हो गई। मंटू, मुन्नालाल वर्मा का पुत्र था और फर्स्ट ईयर का छात्र था। वह पढ़ाई




के साथ-साथ पिता के सब्जी व्यवसाय में भी मदद करता था। परिवार में उसकी एक बहन भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक, दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार चल रहा है।

**यह लोग हुए घायल-** कीर्ति पति संतोष, निवासी मोतीपुरा, खरगोन, संदीप पुत्र अमरसिंह, निवासी जेतपुरा, गौरव पुत्र बद्रीलाल, निवासी इंदिरा नगर, संतोष मोतीलाल, मोहन सिंह पुत्र सखाराम, बासूबाई पति अनराम, विमला बाई पति शंभु सिंह, मन्नु पुत्र काका वर्मा, कंचन कर्मा, विमला बाई पति सुरेश, भगवती बाई पति बंशीलाल, आकाश पुत्र गोपाल, बसु पति बंशीलाल, सक्कूबाई पति मोहन।

हादसे में घायल यात्रियों ने बताया कि वे सभी सिहोर में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों का इलाज जारी है, और मृतक मंटू के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिजली कंपनी का जूनियर इंजीनियर 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर लोकायुक्त ने गुरुवार को बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। शिकायतकर्ता ने अपने गोडाउन के लिए 10 किलो वाट का बिजली कनेक्शन देने के लिए बिजली कंपनी को आवेदन दिया था। बदले में जूनियर इंजीनियर ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता सूर्यकांत सोनोने निवासी पंचमूर्ति नगर ने लोकायुक्त पुलिस को बताया कि नलिया बाखल में उसका गोडाउन है। यहां उसे स्टीम मशीन का कारोबार करने के लिए 10 किलोवाट बिजली कनेक्शन की जरुरत है। इसके लिए उसने निर्धारित शुल्क 40 हजार रुपए जमा करा दिए थे। लेकिन जूनियर इंजीनियर शैलेंद्र पाटकर ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग रखी। इसकी शिकायत सूर्यकांत ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से की। एसपी सहाय ने गुरुवार को टीम गठित कर आरोपी जूनियर इंजीनियर पाटकर को रंगेहाथ पकड़ लिया। पाटकर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7, के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक रेनू अग्रवाल, निरीक्षक सचिन पटेरिया, प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, आरक्षक आशीष आर्य, आरक्षक चेतन परिहार, आरक्षक राकेश मिश्रा, आरक्षक कमलेश परिहार शामिल रहे।



# 15 अगस्त और जन्माष्टमी की छुट्टियों में बढ़ी ट्रेनों में वेटिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अगस्त से त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है। त्योहारी सीजन में ट्रेनों पर दबाव बढ़ गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई तेजस एक्सप्रेस में अब सीटें फुल होना शुरू हो गई हैं। कुछ ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग बंद हो गई है। वहीं, बसों के किराए में भी 20 फीसदी बढ़ोतरी हो गई है।**

भाई-बहन के त्योहार रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में यात्रियों का एक शहर से दूसरे शहरों, गांवों, कस्बों में आना-जाना होता है। अगस्त में रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त (शनिवार) और 10 अगस्त (रविवार) को आ रहा है। दो दिन की छुट्टी आ रही है। 8 अगस्त की छुट्टी ले ली जाए तो तीन दिन का सप्ताहांत मिल जाएगा। इसी तरह 15 अगस्त को राष्ट्रीय अवकाश एवं 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े राष्ट्रीय त्योहार आ रहे हैं। 17 अगस्त को रविवार होने से यात्रियों को तीन दिन का सप्ताहांत मिल रहा है। इन त्योहारों का सप्ताह के अंतिम दिनों में आने से ट्रेनों पर दबाव बढ़ गया है। फिर आगामी महीनों में गणेश चतुर्थी, नवदुर्गा, दशहरा एवं दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार आएंगे। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन 23 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगी। त्योहारी सीजन में इस ट्रेन में किराया ज्यादा होने के बाद भी यात्रियों में रुझान बढ़ने लगा है। इसमें थर्ड एसी किराया 1803, सेकंड एसी 2430 और फर्स्ट 3800 रुपए है। इंदौर से मुंबई, पुणे, नागपुर सहित अन्य शहरों तक चलने वाली बसों में यात्रियों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण कई बस संचालकों ने किराए में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। बसों में आमतौर पर 1500 से 2000 रुपए किराया लगता है, जो त्योहारी सीजन में बढ़कर 2500 से 3000 रुपए तक हो गया है।

# धोखे से बेच दी पत्नी की प्रॉपर्टी

## महिला मित्र का फोटो चिपकाकर किया सौदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ धोखाधड़ी कर दी। महिला की शिकायत पर पति और उसकी महिला मित्र के खिलाफ एफआईआर रजिस्टर्ड कर ली गई। अब भंवरकुआ पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है।**

भंवरकुआ पुलिस के पास आशादेवी परमार निवासी वार्ड रायकनपुर शुजालपुर सिटी जिला शाजापुर पर पहुंची थी। उन्होंने यहां पर अपने पति मुकेश परमार और नागदा के प्रकाश नगर की निवासी उनकी महिला मित्र छाया आर्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

अपनी शिकायत में आशा देवी ने बताया-मैंने साल 2018 में दीपक पालीवाल से एक भूखंड व्यवसायिक संपति ली थी। इसके लिए लार्सन एंड टुब्रो एलएनटी से लोन कराया था। रजिस्ट्री के बाद वहां ताला लगा दिया। 2019 में कोरोना का काल आने के चलते वह इंदौर नहीं आई। साल 2024 में जब मैं उस संपति को देखने पहुंची तो वहां मेरे ताले की जगह दूसरा ताला लगा मिला। आशा देवी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि संपति अब शैलेंद्र लालवानी की है। मामले में आशा ने शैलेंद्र को कॉल किया और संपत्ति की जानकारी मांगी। तब उन्होंने छाया नाम की महिला द्वारा इसे बेचना बताया। जिसमें पति और एक अन्य के गवाह थे। रजिस्ट्री की ऑनलाइन कॉपी ली तो पता चला कि पति मुकेश ने छाया का फोटो मेरे फोटो के ऊपर लगाकर उससे फर्जी हस्ताक्षर कराए। इस दौरान पति के साथ सुमित गजवानी और दीपक बैरागी को गवाह बनाया और जुलाई 2020 में बेच दी। रजिस्ट्री में मुकेश और छाया ने जो पता बताया था वहां पर नोटिस भेजने पर उनके नहीं होने की बात सामने आई। इसके बाद मोबाइल से पुलिस ने उनसे संपर्क किया तो वह भी बंद मिले। शैलेंद्र को की गई रजिस्ट्री को लेकर जांच कराई तो उसमें अंगूठे के निशान अलग मिले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर किए जाने के मामले में केस दर्ज किया है। अब पुलिस पीड़िता के पति और उसके महिला मित्र की तलाश कर रही है।

### उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कलेक्टर के निर्देश पर प्रशिक्षण एवं सैंपलिंग कार्रवाई लगातार जारी

# फूड सेफ्टी सुपरवाईजर ट्रेनिंग प्रोग्राम के साथ-साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की बच्चों के स्वास्थ्य और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के प्रति विशेष संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा आज दोहरी कार्यवाही की गई। एक ओर जहां स्कूली कर्मचारियों के लिए FOSTAC (Food Safety Supervisor Training Program) का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न स्थानों से मिलावटी खाद्य पदार्थों की आशंका पर नमूने लेकर विधिसम्मत कार्रवाई की गई।**

गत 04 जुलाई 2025 को आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा कैंटीन संचालन से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। इसी क्रम में 7 अगस्त को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में शहर के 12 विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 40 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



इस सत्र में खाद्य स्वच्छता, तापमान नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था, व्यक्तिगत स्वच्छता और सुरक्षित खाद्य प्रथाओं से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

**आज की सैंपलिंग कार्रवाई-** इसी दिन शहर में मिलावट की आशंका पर खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। कार्रवाई में श्री शिव दूध डेयरी एंड स्वीट्स, भंवरकुंआ, इंदौर से मीठा मावा, मिल्क केक, मावा एवं दूध के कुल 4 नमूने लिये गये। इसी तरह यादव श्री स्वीट्स एंड रेस्टॉरेंट, धीरज नगर, MR-9 रिंग रोड से मावा रोल एवं बेसन लड्डू के नमूने, गुरुकृपा क्रीमरी एन्ड डेयरी, साउथ राजमोहल्ला तथा सुहाना डेयरी, धार रोड से घी के नमूने लिये गये।

प्रतिष्ठानों को परिसर की स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य रंगों का न्यूनतम उपयोग करने, गुणवत्ता युक्त कच्चे माल के उपयोग, फूड हैंडलर्स की व्यक्तिगत स्वच्छता सुनिश्चित करने, वैध खाद्य लाइसेंस रखने तथा पेस्ट कंट्रोल जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं के पालन हेतु निर्देशित किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु यह अभियान लगातार जारी रहेगा। लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पोकलेन मशीन की चपेट में आया युवक, 3 टुकड़े हुए

**खंडवा।** संत सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट में एक हेल्पर पोकलेन मशीन के पंजे की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका सिर, धड़ और एक हाथ अलग-अलग होकर दूर जा गिरे। घटना बुधवार रात 10 बजे की है। यहां पोकलेन मशीन डंपर में मुरूम डाल रही थी। डंपर हेल्पर लखन उर्फ भूपेंद्र राजपूत (25) की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। धड़ रात में ही मिल गया था, लेकिन उसका सिर और हाथ गुरुवार सुबह मिले। डॉग स्क्वाड की मदद से 12 घंटे तक सिर और हाथ को तलाशा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक लखन ग्राम गोराडिया का रहने वाला था। वह डंपर पर हेल्परी का काम करता था। हादसे के वक्त वह डंपर के पास खड़ा था। अंधेरा होने के कारण न तो लखन को पोकलेन का पंजा दिखाई दिया, न ही ऑपरेटर को लखन की मौजूदगी का अंदाजा हुआ। पंजा लखन की गर्दन से टकरा गया, जिससे उसके शरीर के टुकड़े हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया।

## महिला पर गर्म तेल डाला, मौत

**भोपाल।** भोपाल में तीन युवकों ने एक महिला पर गर्म तेल डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। हमीदिया अस्पताल में चार दिन चले इलाज के बाद गुरुवार (7 अगस्त) सुबह उसकी मौत हो गई। घटना रविवार रात (3 अगस्त) को अन्ना नगर की है। महिला के बेटे का आरोप है कि आरोपी मुझे मारने आए थे। मां बचाने आई तो उन्हें पीटा और गर्म तेल डाल दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पीछे चाय नाश्ते की दुकान के बाहर अतिक्रमण किए जाने के विवाद बताया जा रहा है। मृतका कांति प्रजापति (35) के पति ने गोविंदपुरा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीएम आज क्षति की राहत राशि का करेंगे वितरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को 8 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पौरवाल ने बताया कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है।

# लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर मिला विशेष शगुन

## सीएम बोले-बहनें भगवान जैसी होती हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बहनों को बड़ी सौगात दी। राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में उन्होंने "लाड़ली बहना योजना" के तहत 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार बहनों के खातों में 1250 रुपये की मासिक किश्त के साथ 250 रुपये का विशेष रक्षाबंधन शगुन भी ट्रांसफर किया। इस दौरान कुल 1858.76 करोड़ रुपये की राशि बहनों को प्रदान की गई। इसके अलावा, गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के लिए 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ रुपये दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत रोड-शो से हुई, जहां सीएम डॉ. यादव का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही सैकड़ों बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी और उन्होंने भी बहनों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश के मुखिया ने भी बहनों को रिटर्न गिफ्ट दिया।**




### सरकार राशि बढ़ा कर तीन हजार करेंगी

मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के महत्व पर बोलते हुए कहा कि बहनें भगवान की तरह होती हैं। बहनें अपना पेट काटकर भी घर संभालती हैं। हम बहनों की राशि धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। दीपावली के बाद भाई दूज से 1500 रुपये दिए जाएंगे और हमारा संकल्प है कि राशि को बढ़ाकर 3000 रुपये की जाए। उन्होंने बताया कि यदि बहनें रोजगारपरक कारखानों से जुड़ती हैं तो उन्हें सरकार की ओर से 5000 रुपये सहायता दी जाएगी।

### सीएम ने बचपन की स्मृतियों को साझा किया

डॉ. यादव ने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि जब बुआ राखी लेकर आती थीं तो लगता था जैसे घर में दीपावली आ गई हो। बहनों का प्यार जीवनभर नहीं भूल सकता। उन्होंने रक्षाबंधन को सभी त्योहारों का राजा बताया और कहा कि जिस घर में बेटी होती है, वह घर स्वर्ग बन जाता है। सीएम ने भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी की पौराणिक कथा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार श्रीकृष्ण की अंगुली पर चोट लगने पर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांधी थी, जिसे श्रीकृष्ण ने राखी मान लिया और फिर हर संकट में द्रौपदी की रक्षा की। उन्होंने इसे रक्षाबंधन की अमर कहानी बताया।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की

डॉ. यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बहनों के सिंदूर का बदला था। उन्होंने कहा कि इस बार का रक्षाबंधन भी इसी भावना पर आधारित रहेगा। अंत में मुख्यमंत्री ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने की अपील की और सभी नागरिकों को रक्षाबंधन सहित आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं।

## ओबीसी महासभा के पदाधिकारी को पत्नी ने प्रेमिका संग रंगे हाथों पकड़ा

### नेताजी अंडरवियर में ही ड्रेनेज पाइप से उतरकर भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएम आवास स्थित एक मल्टी फ्लैट में बीती रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। इस घटना में रिश्तों के भरोसे और कानून की हकीकत को उजागर कर दिया। एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद मोहल्ले में जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। लेकिन इस हंगामे से ज्यादा पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए।**



घटना बुधवार रात की है। महिला का आरोप है कि उसका पति लंबे समय से उसके साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। इतना ही नहीं वह अब खुलेआम दूसरी महिला के साथ संबंध बना रहा है। जैसे ही पत्नी ने पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ा, उसने शोर मचाया। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ओबीसी महासभा का प्रदेश महासचिव की पत्नी को जानकारी मिली कि उसका पति अपनी प्रेमिका के साथ है। वह तुरंत फ्लैट पर पहुंची। उसने अंदर जाकर देखा तो पप्पू कनोजिया अपनी गर्लफ्रेंड के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थे। इतना देखते ही पत्नी वंदना का गुस्सा भड़क गया। उसने वहीं दोनों की पिटाई करना शुरू कर दिया। पत्नी के फ्लैट पर पहुंचते ही पति किसी तरह चुंगल से बचकर भागने में सफल हो गया। वह अंडरवियर पहने ही तीसरे फ्लोर से ड्रेनेज पाइप की मदद से नीचे उतरकर भाग गया। हालांकि गर्लफ्रेंड पत्नी के चुंगल में फंस गई। उसने भी भागने का प्रयास किया। लेकिन महिला ने फ्लैट का गेट बंद कर उसको पीटना शुरू कर दिया। नेता की पत्नी ने प्रेमिका को चप्पलों और लातों से इतनी बुरी तरह से पिटाई कर दी, जिससे युवती खून से लथपथ हो गई। हालांकि फ्लैट पर हंगामा देख मोहल्ले में शोर मच गया। लोग वहां जमा हो गए। किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। सूचना मिलने के बावजूद बिछिया थाना पुलिस मौके पर देर से पहुंची। इसके बाद उन्हें युवती को छुड़ाने में पसीने छूट गए। वहीं, पुलिस के लेट आने के चलते लोगों में आक्रोश देखने को मिला। महिला ने बताया कि उसने पहले भी पति की हरकतों को लेकर शिकायत करने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया।

## आईएएस मंजूषा राय को कोर्ट से राहत मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** शिक्षा विभाग में उप सचिव आईएएस मंजूषा राय को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से राहत मिली है। उनके दानिशकुंज स्थित मकान विवाद में कोर्ट ने 13 अगस्त तक स्टे दिया है। सुनवाई तक दूसरा पक्ष मौजूदा मकान में किसी प्रकार की क्षति नहीं कर पाएंगे। 2 अगस्त को यह मामला सामने आया था। विवाद कुल 1864 स्क्वायर फीट जमीन पर बने डुप्लेक्स मकान के एग्रीमेंट, नामांतरण और रजिस्ट्री से जुड़ा है। आईएएस राय का आरोप था कि 40 से ज्यादा गुंडे उनके मकान में पहुंचे और जेसीबी से तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कोई सुनवाई नहीं की। इसी मामले में आईएएस राय के पति विक्रांत राय की ओर से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर गुरुवार दोपहर को स्टे दिया गया।

## 14 अगस्त बलराम जयंती और 16 अगस्त जन्माष्टमी पर होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी की भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश को अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृढ़ता हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सभी प्रदेशवासी प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस प्रतिबद्धता के साथ हैं।**

इसी क्रम में स्वदेशी की भावना को साकार करते हुए 10 अगस्त को भोपाल के पास रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज में ब्रह्मा (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) का भूमिपूजन और शिलान्यास केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में किया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि एवं पंचायतराज मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। प्रदेश में पहली बार रेल कोच, मेट्रो कोच आदि का निर्माण कर देश में आपूर्ति के साथ विदेशों में भी निर्यात किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली परियोजना से 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्रदेश में पहली बार इस प्रकार की रेलवे कोच निर्माण सुविधा स्थापित हो रही है, जो मध्यप्रदेश को देश के रेलवे विनिर्माण मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए रायसेन जिले के तहसील गौहरगंज के ग्राम उमरिया में 60.0630 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। यहां वंदे भारत-अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा। इस उद्योग से भोपाल और रायसेन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छोटे उद्योगों भी विकसित होंगे, जिनसे आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

## संपादकीय

# कौन होगा उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार...

जगदीप धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद से उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव की कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने के लिए अधिकृत किया। इससे जगदीप धनखड़ के उत्तराधिकारी के सत्तारूढ़ दल से होने की संभावना बढ़ गई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय सभी NDA दलों द्वारा स्वीकार किया जाएगा।' रिजिजू ने यह भी कहा कि अगर विपक्ष उपराष्ट्रपति चुनाव पर चर्चा करना चाहता है, तो वे तैयार हैं। एनडीए की बैठक में यह फैसला लिया गया कि PM मोदी और जे.पी. नड्डा मिलकर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर फैसला लेंगे। विपक्षी INDIA ब्लॉक ने पहले ही अपना उम्मीदवार उतारने का संकेत दिया है। नए संसद भवन में गठबंधन के सदस्यों की एक संक्षिप्त बैठक के बाद, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उन्होंने सर्वसम्मति से PM नरेंद्र मोदी और जे.पी. नड्डा को, जो क्रमशः लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेता हैं, उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर फैसला करने के लिए अधिकृत किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, BJP से नड्डा और रिजिजू, JDU के दिलेश्वर कामत और ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, TDP के लावू श्री कृष्ण देवरायलू और LJP के चिराग पासवान शामिल थे। BJP के सहयोगी अनुप्रिया पटेल (अपना दल), उपेंद्र कुशवाहा (RLP) और रामदास अठावले (RPI) भी चर्चा का हिस्सा थे। NDA उम्मीदवार की जीत लगभग तय है। 788 की अधिकतम संख्या के मुकाबले, दोनों सदनों की प्रभावी संख्या 781 है। ऐसा इसलिए है क्योंकि निचले सदन में एक और ऊपरी सदन में छह सीटें खाली हैं। इन छह सीटों में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की हाल ही में हुई मृत्यु के कारण खाली हुई सीट भी शामिल है। NDA की ताकत लगभग 422 है, जो बहुमत के आंकड़े 391 से काफी ऊपर है। यह पूछे जाने पर कि क्या NDA अगले उपराष्ट्रपति पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्ष से संपर्क करेगा, रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा कि अभी के लिए, मोदी और नड्डा को गठबंधन के उम्मीदवार की पहचान करने के लिए अधिकृत किया गया है। विपक्षी INDIA ब्लॉक ने पहले ही अपना उम्मीदवार उतारने का संकेत दिया है। रिजिजू ने कहा, 'कुछ परंपराएं हैं। अगर विपक्षी दल आते हैं और हमसे चर्चा करते हैं, तो हम हमेशा उनसे चर्चा करेंगे। लेकिन यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है जिसे हमें करना है।' बता दें कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। यह संसद के मॉनसून सत्र का पहला दिन था। हालांकि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था, लेकिन माना जाता है कि सरकार के साथ उनके संबंधों में खटास आने के कारण उनका पद पर बने रहना मुश्किल हो गया था।




## OSHO कहिन



**"प्यार किसी दूसरे को नहीं बदलता, वह आपको बदलता है।"**

## महिला जगत

# जयपुर की लड़की ने 50 घंटे घोड़े पर सवारी कर तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

### जानिए मान्या की कहानी



राजस्थान के जयपुर की रहने वाली मान्या शक्तावत, एक ऐसा नाम बन चुकी हैं जिसने 50 घंटे तक बिना रुके घोड़े पर सवारी कर भारतीय युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। मात्र 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है, जिसे देखकर युवा सोच बदल सकती है।

### 50 घंटे की अनवरत घुड़सवारी

22 जुलाई 2025 की सुबह 4:20 बजे मान्या ने अपनी चुनौती की शुरुआत की। वह लगातार 50 घंटे तक घुड़सवारी करती रहीं और 24 जुलाई को सुबह 9:20 बजे इसे पूरा करके नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। राइड के दौरान हर दो घंटे पर घोड़े बदले गए, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हुई, लेकिन थकान ने उनकी लगन पर पानी नहीं फेंका।

### परिवार की प्रेरणा और समर्थन

मान्या की सफलता का एक बड़ा कारण उनके माता-पिता हैं, जो पायलट हैं। उन्होंने न केवल उनकी हिम्मत बढ़ाई, बल्कि हर मोड़ पर मार्गदर्शन और समर्थन दिया। पहले ही मान्या ने 80 किलोमीटर लंबी रेस जीतकर साबित किया था कि वे सिर्फ राइडर नहीं, विजेता हैं। अब उनकी यह उपलब्धि उन्हें युवा पीढ़ी के लिए रोल मॉडल के रूप में स्थापित करती है। अब मान्या का लक्ष्य है, इस रिकॉर्ड को और व्यापक बनाना, और इनोवेशन क्लब, युवा अभियान और महिलाओं को सशक्त बनाने वाली संस्थाओं के साथ जुड़कर दूसरों को प्रेरित करना। उनका सफर अभी शुरू है।

Himachal Pradesh

# हिमाचल के चंबा में दर्दनाक हादसा, कार खाई में गिरी, 6 लोगों की मौत



**चंबा, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह में एक कार खाई में गिरने से दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मृतक कौन और कहां के रहने वाले थे अभी इस बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य के साथ ही घटना की जांच में जुटी है। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताया है।

सीएम सुक्खू ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''चंबा जिला के तीसा के चनवास में हुई कार दुर्घटना में 6 लोगों के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत जनों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। ॐ शांति।'

Odisha

# ओडिशा के अंगुल में आदिवासी महिला से गैंगरेप

### जबरन अगवा कर जंगल ले गए आरोपी, 2 नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार



**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** ओडिशा के अंगुल जिले में एक आदिवासी महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। यह घटना रविवार (4 अगस्त) को छेंदीपाड़ा थाना क्षेत्र में घने जंगल के पास हुई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को दो नाबालिग समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर, दो मोबाइल फोन और घटनास्थल पर पहने गए कपड़े भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग हैं। सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और पीड़ित को हरसंभव मदद दी जा रही है। महिला ने बताया कि 4 अगस्त को वह अपने भांजे के साथ अस्पताल गई थीं। दोपहर करीब 3 बजे लौटते समय वे एक पेट्रोल पंप पर रुके। पेट्रोल भरवाने और खाना खाने के बाद महिला शौच के लिए पास के जंगल में गई।इसी दौरान तीन युवक ट्रैक्टर से पहुंचे और महिला को अकेला पाकर जबरन अगवा कर सुनसान इलाके में ले गए, जहां तीनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले।

Chhattisgarh

# रक्षाबंधन के लिए मायके आई बहन को भाई ने काट डाला

**सरगुजा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से एक झकझोर कर रख देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक भाई ने रक्षाबंधन के लिए मायके आई अपनी बहन की सिर्फ इस वजह से हत्या कर दी, क्योंकि उसने भाई को देर रात मोबाइल चलाने से रोका था और फोन छीनकर अपने पास रख लिया था। जिसके बाद उसने टंगिया (एक तरह की कुल्हाड़ी) मारकर उसकी हत्या कर दी। सांस नली कटने और ज्यादा खून बहने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह वारदात लखनपुर थाना क्षेत्र की कुन्नी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम लिपिंगी में बीते मंगलवार की देर रात एक बजे हुई। जानकारी के अनुसार मृतक मुनेश्वरी (25 वर्ष) पिता बिंद्राराम मझवार अपने दो बच्चों के साथ राखी का त्योहार मनाने के लिए अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान रात का खाना खाने के बाद वह अपने दोनों बच्चों के साथ कमरे में जमीन पर सो रही थी, जबकि उसका बड़ा भाई जयप्रकाश मझवार (31 वर्ष) खाट पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। मुनेश्वरी ने भाई को देर रात मोबाइल चलाने से मना किया और उसका मोबाइल अपने पास रख लिया। इसी बात को लेकर दोनों में जोरदार कहासुनी भी हुई।

Rajasthan

# आई लव यू नहीं बोली तो युवती को मारे चाकू

**झुंझुनूं, (एजेंसी)** पहले तो युवती पर आई लव यू बोलने का दबाव बनाया और जब उसने मना कर दिया तो युवक ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। इसके बाद जहर खाकर खुदकुशी की भी कोशिश की। इतना ही नहीं आरोपी युवक ने युवती को 5 दिन पहले धमकी भी दी थी कि अगर उससे बातें नहीं की तो वो उसे चाकू से काट देगा।

पूरा मामला झुंझुनूं जिले के मंड्रेला थाना इलाके के एक गांव का है। यहां 5 अगस्त को एक युवती पर चाकू से हुए हमले के मामले में नया खुलासा हुआ है। घायल युवती ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि पड़ोस में रहने वाले आरोपी प्रमोद मेघवाल (35) ने पहले उस पर 'आई लव यू' बोलने और बात करने का दबाव बनाया था, और जब उसने मना किया तो चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित युवती (22) ने बताया कि आरोपी प्रमोद घटना से 5-6 दिन पहले उसके घर भी आया था। उस समय वह घर पर अकेली थी। प्रमोद ने उससे



जबरन बात करने और 'आई लव यू' कहने का दबाव बनाया। जब मना कर दिया, तो वह नाराज हो गया और उसे चाकू से काटने की धमकी देकर चला गया था। फिर 5 अगस्त को घर आ गया और जबरदस्ती करने की कोशिश की। इसी दिन सुबह करीब 10 बजे, जब युवती खेत से चारा लेकर घर लौटी, तो वह अकेली थी, क्योंकि उसकी मां मंड्रेला गई हुई थी और पिता खेत पर थे। इसी दौरान प्रमोद उसके घर आ गया और जबरदस्ती करने लगा। पीड़ित युवती ने विरोध किया और उसे घर से बाहर निकाल दिया।

खेल

# कनाडा की युवा खिलाड़ी मबोको फाइनल में पहुंचीं रिबाकिना को हराया

### अब ओसाका से सामना

**मॉन्ट्रियल, (एजेंसी)**

**कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 18 साल की मबोको ने रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 (4) से मात दी। मबोको ने तीसरे सेट में मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट टाइब्रेकर में पहुंचाया।**

मबोको का सामना अब जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 (7) से हराया। 85वीं रैंकिंग की मबोको अपने



पहले डब्ल्यूटीए टूर खिताब की तलाश में उतरेंगी। अगर मबोको खिताब जीतने में सफल रहीं तो वह ओपन एरा में घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी होंगी। कनाडा के लिए फेय अर्बन (1969) और बियांका आंद्रेस्कू (2019) में ऐसा कर चुकी हैं। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच। जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

**खचानोव ने ज्वेरेव को हराया** - पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय करेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।

सिनेमा

# टीवी की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस बनने पर स्मृति ईरानी बोलीं- मेरे पास दूसरों को स्टार बनाने...



स्मृति ईरानी ने लंबे समय के बाद टीवी पर कमबैक किया है। वह सालों बाद क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में तुलसी बनकर वापस आई हैं और फैंस उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। शो की टीआरपी भी काफी अच्छी आई है। वहीं ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि स्मृति अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन गई हैं। उन्होंने अनुपमा की रुपाली गांगुली को पछाड़ दिया है। अब इस पर स्मृति ने अपनी बात रखी है। न्यूज 18 से बात करते हुए स्मृति ने अपने स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस से तुलसी बनने तक के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'हां, मैं तुम्हारे चेहरे पर खुशी देख रही हूं। हमें देखने वाले सभी लोग यह नहीं जानते कि हमें बतौर कर्मचारी अपने कॉन्ट्रैक्ट्स को लेकर मोल-भाव करना पड़ता है। मैं यूनियन का पार्ट हूं तो पहली चीज जो मैं करती हूं कि अपना यूनियन नंबर रजिस्टर करती हूं। हम एक लंबे ऑर्गेनाइजेशन का पार्ट हैं। मैंने लड़कों और लड़कियों को पछाड़ दिया है और जो भी मैं कमा रही हूं वो काफी हार्ड वर्क से हो रहा है।' स्मृति ने यह भी कहा कि लीड एक्टर का रोल इंडिजुअल सक्सेस से अलग है। वह बोलीं, 'आइडिया यह है, क्या आप सच में स्टार हैं या आपकी प्रोफेशनल कैपेसिटी है आपके आस-पास के लोगों को स्टार बनाने की?

## Highlights

1. Who was MS Swaminathan, whose 100th b'day conference was attended by PM
2. Search & rescue ops in full swing in Uttarakhand, IAF joins in
3. Yamuna crosses warning level in Delhi
4. CRPF vehicle carrying several jawans falls in J&K gorge, 3 jawans make supreme sacrifice
5. Not worth entertaining: SC as it junks Justice Varma's plea in 'cash at home' row
6. Mahindra asks if Trump's tariffs can yield 'amrit' for India, lists 2 ways to ensure that

# Elon Musk's string of warnings for OpenAI, Satya Nadella after GPT-5 release: 'Grok will...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla and SpaceX CEO Elon Musk, on Thursday, August 7, warned Microsoft CEO Satya Nadella that OpenAI is "going to eat Microsoft alive". The world's richest person's statement was in response to the launch of ChatGPT-5. He further claimed that his company xAI's AI model, Grok 4, is far superior to the latest OpenAI model.

Earlier in the day, Nadella announced that GPT-5 is being launched across several of the company's platforms, such as Microsoft 365 Copilot, Copilot, GitHub Copilot, and Azure AI Foundry.

He further dubbed it as the "most capable model yet" from OpenAI, adding that it brings "powerful new advances in reasoning, coding, and chat, all trained on Azure."



Commenting on the Microsoft CEO's post, Musk wrote on his X platform, "OpenAI is going to eat Microsoft alive".

Nadella was quick enough to hit back at Musk and stated that people had been trying to do that for 50 years now.

"People have been trying for 50 years and that's the fun of it! Each day you learn something new, and innovate, partner, and compete. Excited for Grok 4 on Azure and looking forward to Grok 5," he replied to Musk.

Musk did not stop here and later went on to share user feedback that favored his company's product over the latest launch from OpenAI.

"Bottom line, though: Grok 4 Heavy was smarter 2 weeks ago than GPT5 is now and G4H is already a lot better. Let that sink in," he wrote.

# Sam Altman predicts India to be OpenAI's largest market amid ChatGPT-5 release

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI CEO Sam Altman has predicted that India could become the artificial intelligence (AI) giant's largest market worldwide.

Altman's statement came as OpenAI launched its next-generation model, ChatGPT-5. India is currently the company's second-largest market behind the United States. The CEO called the Indians 'remarkable' in their use of AI.

"India is our second-largest market in the world after the US, and it may well become our largest market. It's incredibly fast-growing, but what users




are doing with AI, what citizens of India are doing with AI, is really quite remarkable," Altman said during a media briefing.

The OpenAI CEO said he was excited to visit India in September and that his company was especially focused on bringing its product to the country.

"We're especially focused on bringing products to India, working with local partners to make AI work great for India and make it more affordable for people across the country. We've been paying a lot of attention here given the rate of growth, and I am excited to come for a visit in September," he said.

OpenAI launches ChatGPT-5

OpenAI on Thursday announced the launch of GPT-5, describing it as its "best model yet for coding and agentic tasks".

"We're releasing GPT-5 in three sizes in the API -- gpt-5, gpt-5-mini, and gpt-5-nano -- to give developers more flexibility to trade off performance, cost, and latency. While GPT-5 in ChatGPT is a system of reasoning, non-reasoning, and router models, GPT-5 in the API platform is the reasoning model that powers maximum performance in ChatGPT. Notably, GPT-5 with minimal reasoning is a different model from the non-reasoning model in ChatGPT, and is better tuned for developers. The non-reasoning model used in ChatGPT is available as gpt-5-chat-latest," OpenAI said in a blog post.

# बच्चा बेचने वाली गैंग पकड़ाई

## ◆ गैंग में 6 महिलाएं और 5 पुरुष



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र में बच्चा बेचने वाली गैंग को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें 6 महिलाएं और उनके 5 पुरुष हैं। इनमें से दो फरार हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता पहले से आरोपी महिलाओं को जानता था। उसने महिलाओं से बच्चा लेने की डील की, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दे दी। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज की।**

शिकायतकर्ता रितेश व्यास आजाद नगर का रहने वाला है। वह ऑटो पार्ट्स की दुकान में काम करता है। लगभग छह महीने पहले उसकी मुलाकात प्रमिला पति अविनाश साहू (निवासी मयूर नगर) और वंदना पति राजू मकवाना (निवासी टॉवर चौराहा) से मूसाखेड़ी चौराहे पर हुई थी। दोनों ने खुद को बुजुर्गों के लिए केयर सेंटर चलाने वाली बताया था। इसके बाद तीनों की कई बार मुलाकात हुई। प्रमिला और वंदना ने रितेश को बताया था कि वे निःसंतान लोगों की मदद और उनको बच्चे दिलाने का काम भी करती हैं। इस पर रितेश को शक हुआ। रितेश को कुछ लोगों से जानकारी मिली कि वे पहले हीरानगर थाना क्षेत्र में बच्चा बेचने के मामले में जेल जा चुकी हैं। रितेश ने इस मामले की जानकारी अपने दोस्त को दी और दोनों ने मिलकर पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बच्चा गोद लेने के बहाने डील की और आरोपियों को 4 अगस्त को अग्रसेन चौराहे पर मिलने बुलाया। यहां प्रमिला और वंदना ने रितेश से राजू, प्रिया और बच्चे की मां सोनू बेन से परिचय कराया। सोनू की गोद में करीब डेढ़ माह का बच्चा था। बातचीत के दौरान प्रमिला और वंदना ने कहा कि सोनू की हालत ठीक नहीं है, इसलिए वह बच्चा देना चाहती है। इसी बीच रितेश ने पुलिस को बुला लिया। अब तक की पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रमिला और वंदना ने बच्चे के बदले रितेश से 10 लाख रुपए की डील की थी, लेकिन सोनू को सिर्फ 4 लाख रुपए देने की बात कही गई थी। आर्थिक रूप से कमजोर सोनू इस बात के लिए राजी हो गई थी। जानकारी के अनुसार सोनू मूलतः गुजरात की रहने वाली है। साल 2022 में उसके पहले पति ने उसे छोड़ दिया था। इसके बाद वह उज्जैन आ गई थी। यहां एक मुलाकात प्रमिला और वंदना से हुई। दोनों ने उसे आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया और डिलीवरी का खर्च भी उठाया। इसके बाद बेटे को पालने में असमर्थता जताने पर उन्होंने उसे बच्चा बेचने के लिए राजी कर लिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि पकड़ी गई महिलाओं के संबंध लुटेरी दुल्हन गैंग से भी हैं।

पुलिस के अनुसार इन महिलाओं ने शादी का झांसा देकर राजस्थान के झालावाड़ और मध्यप्रदेश के रतलाम (नामली) के दो युवकों से ठगी की थी। एडिशनल डीसीपी जोन-4 दिशेष अग्रवाल ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सबसे में दोनों ने पूजा वर्मा का नाम लिया, जो घरों में झाड़ू-पोंछा लगाने का काम करती हैं। पूजा वर्मा से पूछताछ में नीलम वर्मा का नाम सामने आया, जो विजय नगर स्थित एक आईवीएफ सेंटर में काम करती है। नीलम ने संतोष शर्मा से संपर्क कर कहा था कि यदि बच्चा हो तो बताना। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस को नीतू शुक्ला के बारे में जानकारी मिली, जो एक मैरिज ब्यूरो चलाती है। नीलम ने ही प्रिया माहेश्वरी (राठी) से संपर्क किया था। प्रिया के खिलाफ पहले से ही शादी का झांसा देकर एक लाख रुपए ठगने की शिकायत दर्ज है। प्रिया की गैंग में 3-4 महिलाएं शामिल हैं, जो माह का बच्चा था। बच्चे के सौदे की बात सामने आने के बाद इंदौर पुलिस ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### 11 आरोपी, 9 गिरफ्तार

इस पूरे प्रकरण में अब तक 11 आरोपी सामने आए हैं, जिनमें 6 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने इनमें से 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी पुलिस हिरासत में है, जिससे पूछताछ जारी है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## युवक ने गुप्ती दिखाकर युवती को डराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक 30 वर्षीय युवती से बुधवार को छेड़छाड़, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और गुप्ती दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सलमान पुत्र शरीफ पटेल निवासी नायता मुंडला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया और आगे की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, पीड़िता और आरोपी सलमान की पहचान करीब तीन साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। बातचीत के दौरान जब युवती को यह जानकारी मिली कि सलमान शादीशुदा है, तो उसने बात करना बंद कर दिया। इसके बावजूद सलमान लगातार उसे परेशान करता रहा। युवती अपनी सहेली के साथ गोंदवले धाम पहुंची थी, तभी सलमान ने उसे कॉल कर लोकेशन पूछी और वहां आ धमका। बातचीत के दौरान उसने युवती के साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट की। आरोपी ने पीड़िता पर दबाव बनाते हुए उसे बात करने के लिए मजबूर करने की कोशिश की। इसके साथ ही सलमान ने अपने पास रखी एक गुप्ती निकालकर युवती को डराया। हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया। आरोपी को पहले पीड़िता से पिटवाया और फिर पकड़कर थाने ले आए। पीड़िता की शिकायत पर द्वारकापुरी पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट, छेड़छाड़, धमकी सहित अन्य संबंधित धाराओं 74,78,115(2),351(3),296 बीएनएस 3 (2)(V),3(2)(V-A)3,(1)(W-I)3(1)r,s SC/CT में मामला दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक